हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री

12 भारतीय संस्कृति में अटूट विश्वास रखता है भारतीय योग संस्थान



12 प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करें



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**पानीपत।** गांव अलुपुर के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रिंकू की मौत हो गई। जबकि आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों जवाहर जिला सोनीपत के निवासी हैं और थाना मतलौडा पुलिस ने लहणा सिंह की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रिंकू का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### शिक्षामंत्री ने प्रतिद्वंद्वी रहे जैन को गले लगाया

**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसुनवाई के दौरान राजनीति में अपने प्रतिद्वंद्वी रहे विजय जैन को गले लगाया और उनका व परिवार का हालचाल जाना। विजय जैन, जनता की समस्याओं के हल की मांग को लेकर ढांडा से मिलने आए थे। स्मरणीय है कि पानीपत ग्रामीण हलके से विधानसभा चुनावों में विजय जैन ने पहले बीजेपी और फिर कांग्रेस से टिकट मांगी थी। लेकिन दोनों ही पार्टियों से टिकट न मिलने के चलते निर्दलीय चुनाव लड़ा था और दूसरे नंबर पर रहे थे।

### बिजली निगम के केबिन से सामान चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के 132 केवी केबिन से लोहे के एंगल चोरी हो गए। एसडीओ देवेंद्र के अनुसार छह अप्रैल को जेई सुभाष और स्टाफ ने टावर नंबर दो की जांच के दौरान चोरी का पता लगाया। एसडीओ देवेंद्र की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी का केस दर्ज किया है।

### पाथरी माता मंदिर में आए श्रद्धालु की बाइक चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव पाथरी माता मंदिर में पूजन को आए श्रद्धालु अशोक कुमार की मोटर साइकिल अज्ञात लोगों न चोरी कर ली। अशोक ने बताया कि वह माताजी के दर्शन करने के बाद जब वापस आए तो उनकी मोटर साइकिल गायब थी। अशोक की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात पर वाहन चोरी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

### हत्या के केस में 31 साल से फरार आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** हत्या व लूट के आरोपी सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया है, वह 31 साल से फरार था। नोडल अधिकारी डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि आरोपी सुलेमान उर्फ मुस्तकिम मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो साथी आरोपी भूप सिंह व रणपाल निवासी गांव गगसीना जिला करनाल के साथ मिलकर अप्रैल 1994 में पानीपत के रामलाल चौक के नजदीक स्थित दुकान के बाहर भाटिया कॉलोनी निवासी वेद प्रकाश की गोली मारकर हत्या कर उसकी बाइक लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने भूप सिंह व रणपाल को गिरफ्तार कर लिया था।

## आयुक्त दहिया ने मंडियों में गेहूं खरीद प्रक्रिया का किया मुआयना

# खरीद के साथ मंडियों में समय पर गेहूं उठान के अधिकारियों को निर्देश

### किसानों-आढ़तियों व मजदूरों को मिले हर संभव सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- गेहूं की ढेरी पर जाकर मीटर से नमी को चेक किया

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त विजय दहिया ने वीरवार को गेहूं खरीद प्रक्रिया के तहत अधिकारियों के साथ अंबाला शहर व अंबाला कैंट की अनाज मंडियों का मुआयना किया।

इसके बाद वे खरीद कार्य का जायजा लेने के लिए साहा अनाजमंडी भी पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार भी मौजूद रहे। दहिया ने सबसे पहले अंबाला शहर की अनाज मंडी में गेहूं की आवक की पूरी जानकारी ली। किसानों व आढ़तियों को मंडी में दी जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की। पेयजल व शौचालयों की व्यवस्था के साथ बिजली, अटल किसान मजदूर कैंटीन व बारदाने की भी पूरी जानकारी ली। उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को भी चेक किया और कहा कि सभी मंडियों में गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य पहले दिन से ही सुचारू रूप से चलना चाहिए ताकि उठान के कार्य के तहत किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न आए। मंडी प्रधान के साथ-साथ आढ़तियों से भी गेहूं खरीद कार्य को लेकर बातचीत की।



अंबाला। मंडी में गेहूं खरीद कार्य का मुआयना करते आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया।

#### समीक्षा बैठक ली

आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में खरीद एजेंसियों व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए गेहूं व सरसों खरीद कार्य की समीक्षा की थी। इस सिलसिले में अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए थे। मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, डीएफएससी अपार तिवारी, हैफेड से मैनेजर विजय ढिल्लों, डीएमईओ राजीव चौधरी, मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिंह, नीरज भारद्वाज, कविता नरवाल, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, छावनी मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय कुमार, साहा मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुच्चा सिंह, व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहबाद में कोचिंग सेंटर पर फायरिंग, एक घायल



कुरुक्षेत्र। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

- दो अज्ञात युवकों ने कोचिंग सेंटर पर करीब छह राउंड फायर किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर के लाडवा रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर पर दिनदहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। दो अज्ञात युवकों ने कोचिंग सेंटर पर करीब छह राउंड फायर किए, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान शाहाबाद निवासी भूषण सेठी के रूप में हुई है।

जानकारी अनुसार दो युवक बाइक पर सवार होकर सेंटर के बाहर पहुंचे और सेंट्रल बैंक की पहली मंजिल पर स्थित कोचिंग सेंटर में घुसते ही अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही सेंटर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। घायल व्यक्ति भूषण सेठी अपनी बेटी भारती को खाना देने के लिए सेंटर आए थे। गोली उनकी पीठ में लगी और उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया।

#### रिसेप्शन पर छोड़ा पत्र

फायरिंग के बाद आरोपी एक पत्र रिसेप्शन पर छोड़कर फरार हो गए, जिसमें लॉरेंस बिश्नोई, नोनी राणा, और काला राणा ग्रुप का नाम लिखा हुआ था। पुलिस को आशंका है कि यह हमला सिर्फ दहशत फैलाने के इरादे से किया गया था। पुलिस ने मौके पर सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं। फुटेज से यह भी सामने आया है कि दोनों युवक एक दिन पहले भी सेंटर में आए थे और कनाडा जाने से संबंधित जानकारी ली थी। गौरतलब है कि घटना के समय सेंटर में 10-11 स्टाफ सदस्य और लगभग 20 छात्र मौजूद थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है।

# ट्रेन के नीचे आने से किशोर की मौत, स्कूल आईडी से पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन की चपेट में आने से 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले किशोर की मौत हो गई। किशोर के पास से मिले स्कूल के आईकार्ड से उसकी पहचान हो पाई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

किशोर करनाल के आनंद नगर कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। ट्रेन नंबर 19412 साबरमती एक्सप्रेस के चालक ने जीआरपी को बताया कि किशोर अचानक ट्रेन के आगे आ गया था। उसे न तो किसी ने धक्का दिया और न ही वो पहले रेलवे ट्रैक पर लेटा हुआ था।

### किसी युवक के साथ स्कूटी पर जाते देखा गया था

जीआरपी ने मामले में दूसरे पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

किशोर करनाल के एक स्कूल में 11वीं का छात्र था। वो रोजाना की तरह पढ़ने के लिए घर से निकला। स्कूल से आने के बाद वो दोपहर 2.30 बजे ट्यूशन का बोलकर चला गया था लेकिन देर शाम तक जब वो वापिस नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अपने स्तर पर पूछताछ की लेकिन जानकारी नहीं मिली। जीआरपी की तरफ से जब सूचना मृतक के पास मिले आईकार्ड के तहत स्कूल में दी गई तो परिजनों को हादसे की जानकारी मिली। इपरिजन अंबाला जीआरपी थाने में पहुंचे। जीआरपी थाने में मौजूद मृतक छात्र के परिजनों ने बताया कि उसे अंतिम बार एक्टिवा पर एक युवक के साथ देखा गया था जोकि घर की तरफ नहीं बल्कि दूसरे रास्ते की तरफ जा रहे थे।

उन्होंने यह भी शक जताया है कि उनके बेटे को कोई बहला-फुसलाकर मोहड़ी स्टेशन तक लाया है क्योंकि करनाल से मोहड़ी स्टेशन की दूरी लगभग 60 किमी है।

परिवार की ओर से अभी तक किसी तरह की शिकायत जीआरपी को नहीं दी गई है।

# हड़ताल पर बीज, कीटनाशक व खाद विक्रेता

- विक्रेताओं ने प्रदेश की सभी मंडियों में बनाए धरनास्थल
- सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा में बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेता चार दिनों से हड़ताल पर हैं। सभी जिलों में दुकानें बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में यह हड़ताल जारी है। विरोध दर्ज करवाने के लिए प्रदेश की सभी मंडियों में विक्रेताओं ने अस्थाई धरना स्थल बना दिए हैं।

करनाल के सभी ब्लॉकों में भी विक्रेता मंडियों में धरना स्थलों पर इक्ट्ठा हुए और नारेबाजी की। ब्लॉक प्रधानों की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किए गए। जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन के प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि बीज में किसी प्रकार की कोई खामियां होती है, तो वह प्रोड्यूसर का काम होता है। डीलर सिर्फ किसान और प्रोड्यूसर के बीच की कड़ी होता है। अब अगर ऐसे में किसी भी प्रकार की खामियां पाई जाती है, तो डीलर को दंड भुगतना पड़ेगा। यह उचित नहीं है। प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार के अनुसार अगर बेचे गए बीज की गुणवत्ता खराब पाई जाती है, तो विधेयक के तहत उत्पादक और विक्रेता दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में उत्पादक और विक्रेता दोनों को 3 महीने से 3 साल तक की जेल और 50 हजार से 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इस संशोधन विधेयक में विक्रेता को भी उत्पादक के समान जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि विक्रेता का काम केवल बीज बेचना होता है।

### बीज की गुणवत्ता की जिम्मेवारी उत्पादक पर

बीज की गुणवत्ता की जिम्मेवारी उत्पादक पर होती है। विक्रताओं का कहना है कि इस कानून के तहत उन्हें बेवजह परेशान किया जाएगा, जिसकी वजह से उनके व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। सभी विक्रेता एक्ट में किए गए बदलावों को वापस करवाने के बाद ही काम शुरू करेंगे। इस अवसर पर महासचिव गुरमेज सिंह, कोषाध्यक्ष बृजलाल गर्ग, नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान देवेंद्र चौहान, घरौंडा प्रधान सुशील गर्ग, इंद्री प्रधान रमन कुमार, निसिंग प्रधान विनोद गोयल,आदि रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे छह लाख

- आरोपी मां-बेटे के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव कैल निवासी नंदलाल से छह लाख रुपये हड़प लिए गए। नंदलाल अपने लड़के मिलन को रमोनिया भेजना चाहता था।

आरोप रतपुर कॉलोनी पिंजौर निवासी अमित व उसकी मां सुमन देवी पर लगा है। गांव कैल निवासी नंदलाल ने बताया कि उसका लड़का मिलन रोजगार के लिए रमोनिया जाना चाहता था। आरोपी अमित व उसकी मां सुमन ने बताया कि वह उसके लड़के को रमोनिया भेज देंगे। आरोपियों ने उससे छह लाख रुपये का खर्च बताया। उसने आरोपियों को अलग-अलग करके छह लाख रुपये व बेटे के दस्तावेज दे दिए। इस दौरान आरोपियों ने उसके लड़के को टिकट व वीजा दे दिया। जब उन्होंने जांच करवाई तो वीजा फर्जी मिला। उसने आरोपियों से बात की। मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### एक्टिवा सवार महिला से बाइक सवार पर्स छीनकर हुआ फरार

**अंबाला।** सैन्य क्षेत्र स्थित पटेल पार्क के पास बाइक सवार दो बदमाश बुधवार रात एक्टिवा सवार महिला से पर्स झपटकर भाग गए। झपटमारी के दौरान चलती एक्टिवा से गिरकर बोह निवासी 48 वर्षीय कविता गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि एक्टिवा चला रही बेटी प्रांजल ने झपटमारों का काफी दूर तक पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। राहगीरों की मदद से महिला को उपचार के लिए छावनी नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

# टीचर डायरी ऑनलाइन करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया है पत्र

शिक्षा निदेशालय ने एक पत्र जारी कर सभी शिक्षकों द्वारा अपनी अध्यापक डायरी प्रतिदिन एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन भरना जरूरी कर दिया है। इसका हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ ने घोर विरोध किया है।





रमेश कुमार व पुष्पेंद्र धारीवाल।

हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ अंबाला के जिला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पेंद्र धारीवाल ने कहा कि ये विभाग का मनमाना निर्णय है और ये निर्णय सभी अध्यापकों को मानसिक तनाव की और ले जाएगा।शिक्षा विभाग को अपनी नीतियों को सरलीकरण ढंग से लागू कारण चाहिए न कि इनको पेचीदा बनाना चाहिए।अध्यापकों को ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई के लिए उपलब्ध करवाना चाहिए न कि ऐसी नीतियां होनी चाहिए कि अध्यापक सारा दिन ऑनलाइन कामों में उलझे रहे। ऐसा लगता है कि शिक्षा निदेशालय हर काम को केवल अपने स्तर पर ही मॉनिटर करना चाहता है जबकि हर स्कूल में प्रधानाचार्य, अध्यापकों के काम को मॉनिटर करने के लिए है। शिक्षा विभाग को इन सब भरोसा रखना चाहिए। संघ जल्द ही इन नीतियों के खिलाफ शिक्षामंत्री के समकक्ष अपना विरोध दर्ज करवाएगा।शिक्षा विभाग को स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं पूरी करने के लिए मॉनिटरिंग करनी चाहिए और इन बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

### मिड डे मील वर्कर्स का रोष प्रदर्शन 12 को

**कुरुक्षेत्र।** मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 12 अप्रैल को रोष प्रदर्शन करेंगी। वर्कर्स यूनियन कुरुक्षेत्र जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के आवास पर 12 अप्रैल को प्रदर्शन किया जाएगा। इसी दिन पानीपत, सोनीपत व करनाल की मिड डे मील वर्कर्स शिक्षा मंत्री महीपाल के आवास पानीपत में प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपेंगी व अन्य जिले अपने अपने मंत्री/विधायक के आवास पर प्रदर्शन कर मांग पत्र देगे। मिड डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं ।

## डीसी पार्थ गुप्ता ने कार्यक्रम की तैयारियों की दी जानकारी

# मोदी की रैली को लेकर प्रशासन के पुख्ता प्रबंध

- थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट यमुनानगर की तीसरी यूनिट का शिलान्यास 14 अप्रैल को गांव कैल में आयोजित रैली स्थल से करेंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 50 से 60 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। उनके बैठने, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लगभग 170 एकड़ भूमि में आयोजित होगा, जिसमें 40 एकड़ में मुख्य पंडाल और 96 एकड़ में पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। पार्किंग स्थल करनाल-सहारनपुर हाईवे पर, छछरौली रोड पर व छछरौली रोड के सामने बनाए गए हैं।



यमुनानगर। कैल गांव में रैली स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

### स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी मुस्तैद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर 15 से ज्यादा मेडिकल प्वाइंट स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। इसके अतिरिक्त, 25 एम्बुलेंस भी विभिन्न स्थलों पर तैनात रहेंगी।

### किसानों को मुआवजा

डीसी ने बताया कि जिन किसानों की कृषि भूमि कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रयोग की जा रही है, उन्हें फसल का उचित मुआवजा शीघ्र दिया जाएगा।

इसके लिए लगभग 130 एकड़ भूमि के मुआवजे की मांग सरकार को भेज दी गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, करनाल के एडीसी यश जालुका, नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीटीएम पीयूष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

#### कड़ी रहेगी सुरक्षा

डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। विभिन्न जिलों से 10 एसपी, 29 डीएसपी, 75 इंस्पेक्टर सहित 3000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। जिले में 22 नाके लगाए जाएंगे और ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था की है।

### एचडब्ल्यूसीटीसीसी की ब्रांच का हेड गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने ह्यूमन वेल्फेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड द्वारा निवेशकों से निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने मामले में सोसायटी की पानीपत की सभी ब्रांच के हैड एवं मुख्य आरोपियों में एक बिजेंद्र निवासी गांव मछरौली जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है।

वहीं, थाना चांदनी बाग, थाना समालखा, थाना सनौली, थाना इसराना, थाना औद्योगिक सेक्टर 29, थाना सदर व थाना मतलौडा में दर्ज सोयाइटी के निदेशकों से लेकर एजेंट तक के खिलाफ धोखाधड़ी करने की आठ एफआईआर दर्ज है।

इस मामलों में अभी यह तीसरी गिरफ्तारी है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि धोखाधडी के इन मामलों की आरोपी से पूरी जानकारी ली जा सके।

# क्लर्क लगवाने के नाम पर युवक से हड़पे 5.35 लाख

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सरकारी स्कूल में क्लर्क की नौकरी दिलवाने के नाम पर गांव फतेहगढ़ निवासी मनीष कुमार से पांच लाख 35 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप गांव बीबीपुर निवासी प्रदीप कुमार पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मनीष कुमार ने शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में था। इस दौरान उनके गांव के लड़के ने उसे बीबीपुर निवासी प्रदीप कुमार से मिलवाया। प्रदीप ने उसे कहा कि उसकी बड़े अधिकारियों के साथ जान पहचान है। वह उसे सरकारी स्कूल में क्लर्क की नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए आरोपी ने उससे पैसे खर्च करने की बात कही। वह आरोपी की बातों में आ गया।

आरोपी ने उससे अलग-अलग करके पांच लाख 35 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने उसे पंचकूला बुलाया। जहां आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे अभी अनुबंध आधार पर नौकरी लगवा रहा है। मगर बाद में उसे पक्का करवा दूंगा। मगर आरोपी ने उसकी कोई नौकरी नहीं लगवाई। परेशान होकर उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दुकानों के आसपास गंदगी डालने और अतिक्रमण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर आगमन को लेकर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने वीरवार को शहर में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर जगाधरी व यमुनानगर की जा रही सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, तिरंगा लाइट, यूनिपोल ऐक्रेलिक लाइट बोर्ड,डिवाइडर, ग्रिल व पेड़ों को पेंट करने, चौकों पर लगाए जा रहे तिरंगा वेलकम गेट, डिवाइडर पर लगाई तिरंगा चुन्नी, सड़कों के नवीनीकरण, सड़क किनारों से अतिक्रमण हटाने समेत विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया।

## निगम आयुक्त ने पीएम आगमन को लेकर लिया जायजा, दुकानदारों से सड़क से अतिक्रमण व गंदगी हटवाई





### अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सामान जब्त करने की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे गंदगी डालने व अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, रेहड़ी व फल विक्रेताओं को समझाया और अतिक्रमण हटवाकर सफाई कराई। उन्हें दोबारा गंदगी डालने और अतिक्रमण करने पर दुकानदार का सामान जब्त कर चालान करने की चेतावनी दी। साथ ही उन्हें शहर को सुंदर बनाने में सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी तीन दिन में शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर किए जा रहे कार्यों को निपटाएं। जांच में पुराना सहारनपुर रोड पर क्षतिग्रस्त मिले डिवाइडर को दुरुस्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए। अग्रसेन चौक पर एक दुकानदार पॉलिथीन में सामान बेचता मिला। दुकान के बाहर भी गंदगी फैलाई हुई थी। जिस पर निगमायुक्त सिन्हा ने दुकानदार को कड़े निर्देश देकर दुकान के आसपास की सफाई कराई। दोबारा गंदगी मिलने पर सीएसआई हरजीत सिंह को उसका चालान करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### 9.9 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना पुलिस टीम ने शहर की सुशांत सिटी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.9 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

एसएचओ जनक राज ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर सुशांत सिटी के पास नशीले नशीले पदार्थों के एक युवक को काबू किया। पूछताछ पर जिसकी पहचान खड्डा कॉलोनी निवासी सुरजीत कुमार पासवान के नाम से हुई। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार जगाधरी अजीत सिंह को बुलाया गया। जिनके सामने युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे 9.9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसे अदालत से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**यमुनानगर।** गांव ऊंचा चांदना के नजदीक बाइक की टक्कर से साइकिल सवार महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव गुंदियाना निवासी देवी सिंह ने बताया कि वह पांसरा स्थित प्लाईवुड फैक्टरी में काम करता है। बुधवार को वह अपनी मां मिमला देवी अपने काम से चंडीगढ़ गए थे। देर शाम वह वहां से ट्रेन से लौटे और सरस्वतीनगर रेलवे स्टेशन से वह अपनी मां को साइकिल पर बिठाकर अपने गांव गुंदियाना लौट रहा था। जब वह रामनगर और ऊंचा चांदना गांव के बीच पहुंचे तो पीछे से बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। साइकिल से गिरकर उसकी मां व वह घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर उसकी मां को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### युवकों ने महिला से झपटी सोने की बाली

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप रोड पर दो युवकों ने महिला के कान से सोने की बाली और पर्स झपट लिया। पर्स में 12 सौ रुपये थे। गांव बरसान निवासी सुरेशो देवी ने बताया कि वह बुधवार को यमुनानगर दवाई लेने के लिए आई थी। जब वह बस स्टैंड से फव्वारा चौक की तरफ पैदल जा रही थी तो ओबराय पैलेस के पास उसके पास दो युवक आए। आरोपी उसे बात चीत करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उसके कान से सोने की बाली तथा हाथ से पर्स झपट लिया और मौके से भाग गए।

## किसानों ने मांगा मुआवजा, छंटनी के विरोध में उतरे कर्मी, आरएमपी डॉक्टरों ने भी रखी अपनी मांगें

# जिला सचिवालय के समक्ष किसानों ने किया प्रदर्शन

- किसानों ने पीएम के रैली स्थल के लिए एक्वाइयर की गई जमीन का तत्काल मुआवजा देने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) से जुड़े किसानों ने कैल गांव के नजदीर पीएम की रैली स्थल के लिए रिकवायर की गई सैंकड़ो एकड़ भूमि में खड़ी गेहूं व गन्ना की फसल का मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने किया। मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर भी मौजूद रहे।



यमुनानगर। प्रदर्शन के दौरान उपायुक्त से मिलने का इंतजार करते भाकियू के सदस्य।

वीरवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े सैंकड़ो किसान प्रदेशाध्यक्ष रतनमान व जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और धरना प्रदर्शन करने लगे। मौके पर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि यह ठीक है कि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। वह देश में कहीं भी कभी भी दौरा कर सकते हैं। लेकिन अगर वह दस या 15 दिन बाद यहां दौरा करते तो शायद यह किसानों के हित में होता। क्योंकि तब तक किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं व गन्ना की फसल समेट ली जाती। इसके बाद खेत खाली हो जाते और रैली स्थल बना लिया जाता। मगर अब गांव के किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं और गन्ने की फसल को रैली स्थल बनाने के लिए पूरी तरह से तहस नहस कर दिया। वहीं खेतों में लगे बिजली के खंभे, पानी की पाइपलाइन और ट्यूबवेल सहित कमरे आदि सब कुछ समतल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर हमारे जिला कार्यकारिणी की टीम ने रैली स्थल का भी दौरा किया और जिला प्रशासन से भी मुलाकात की। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से हर अधिकारी द्वारा एक ही बात कही जा रही है कि किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन क्या मुआवजा राशि होगी और कब दी जाएगी। इस बारे में कोई भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है। जबकि सैंकड़ो एकड़ में फसलों को तबाह करके बनाए जा रहे रैली स्थल में किसानों की छह महीने की मेहनत बर्बाद हो गई है। किसानों ने किसी तरह रात दिन मेहनत करके और हजारों रुपये खर्च करके अपनी फसलों को तैयार किया था। मगर अचानक पीएम के आगमन को लेकर उनकी रैली करने के लिए स्थल बनाने को लेकर किसानों की खेतों में छह महीने से पाल पोश कर तैयार की गई गेहूं व गन्ना की फसलों को तहस नहस कर दिया और मुआवजा भी निर्धारित नहीं किया गया। उन्होंने सरकार से प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रैली से पहले मुआवजा निर्धारित किए जाने और उसके देने की समय सीमा निर्धारित किए जाने की मांग की।

# हेल्थ केयर बोर्ड का गठन कर आरएमपी को करें सूचीकृत

- 14 अप्रैल को पीएम की रैली में बढ़ चढ़कर शामिल होंगे आरएमपी डॉक्टर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। सम्मेलन में आरएमपी डॉक्टरों को नशा के खिलाफ मुहिम छेड़ने की शपथ दिलाते हुए

आरएमपी एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन का जिलास्तरीय सम्मेलन शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में हुआ। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल सैनी ने आरएमपी चिकित्सकों को नशा के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए शपथ दिलाई। आरएमपी चिकित्सकों ने प्रदेश सरकार से हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड का पुनः गठन कर उन्हें सूचीकृत किए जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि जल्द ही वे एसोसिएशन द्वारा जिले से नशे के खिलाफ मुहिम की शुरुआत करेंगे। इस मुहिम के तहत वे गांव दर गांव चिकित्सा सेवाएं दे रहे आरएमपी चिकित्सकों के साथ लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। इसके अलावा एसोसिएशन नशे छोड़ने के लिए गांव में शिविर लगाकर उन्हें नशा छोड़ने की दवा भी निःशुल्क देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आरएमपी चिकित्सक एक सकारात्मक भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनः गठन कर आरएमपी चिकित्सकों को सूचीकृत किर जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को यमुनानगर में होने वाली प्रधानमंत्री की रैली में भी आरएमपी चिकित्सक भारी संख्या में भाग लेंगे। इस दौरान दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रदेश कोऑर्डिनेटर स्वाम गुरु ज्ञानानंद ने आरएमपी चिकित्सकों को सत्संग के माध्यम से जागरुक किया। इस मौके पर मायाराम टोपरा, सतीश कुमार, एसके राय, दिनेश शर्मा, देशराज कांबोज, यशपाल बुबका, महेंद्र सिंह, सरजन सैनी व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### एचकेआरएन कर्मियों की छंटनी के विरोध में होगा प्रदर्शन, सीएम के नाम देंगे ज्ञापन

**यमुनानगर।** सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक वीरवार को आयोजित हुई। जिसमें हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में लगे कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में 11 अप्रैल को डीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने व उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजा जाएगा। प्रदेश सचिव मांगे राम तिगरा, जिला प्रधान महिपाल सौदे व जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 से पूर्व मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने 1 लाख 20 हजार एचकेआरएनएल कर्मचारियों को 58 साल तक जॉब सुरक्षा गारंटी की घोषणा की थी। बीते जनवरी से लेकर अब तक पंचायती राज, सिंचाई, वन विभाग के अलावा अन्य विभागों से हजारों की संख्या में कौशल निगम कर्मचारियों की नौकरी से छुट्टी करके उन्हें घर भेज दिया है। शिक्षा विभाग में लगे कौशल निगम अध्यापकों को छह सात महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे उनको परिवार का गुजर बसर करना बहुत मुश्किल हो चुका है। मौके पर सतीश कुमार, रिंकु कुमार, विजय कुमार, पपला, संतोष कुमार व वीरेंद्र धीमान आदि मौजूद रहे।





## स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को कापियां की वितरित

- रोटरी क्लब वूमेंस रादौर ने स्कूल के जरुरतमंद बच्चों को कापियां वितरित करने के लिए चलाया अभियान

**रादौर।** रोटरी क्लब वूमेंस द्वारा स्कूल के जरुरतमंद बच्चों को कापियां वितरित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजकीय उच्च विद्यालय बुबका में कक्षा पहली से 10वीं तक के 96 जरुरतमंद बच्चों को कापियां वितरित की। कार्यक्रम में क्लब की प्रधान नीलम बंचल व सचिव लीला रोहिला ने भाग लिया। प्रधान नीलम बंचल ने कहा कि रोटरी क्लब वूमैंस व इनरव्हील क्लब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चो को स्टेशनरी देकर उनकी सहायताकर रहा है। क्लब की महिलाएं शहर व क्षेत्र में नए नए प्रोजेक्टो के माध्यम से समाजसेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी मजबूर को यदि हजार हाथ मिल जाएं तो वो भी अपना जीवन यापन अच्छे से कर सकते हैं। भगवान खुद किसी की सहायता करने नहीं आते हैं। वह किसी न किसी को जरिया बनाकर मदद के लिए भेजते हैं। स्कूल प्राचार्य दिनेश कुमार, परमजीत कौर, लीला रोहिला, रानी सैनी, गीतिका जौहर, पूनम चोपड़ा, कंचन अरोड़ा, साक्षी पुरुथी, अनिता झांब, रितु गोयल, मीनू कांबोज व महेश चंद मौजूद रहे।

## सामाजिक सहभागिता के लिए स्वच्छ महोत्सव में भाग लें नागरिक: कुमार

- नगर निगम कार्यालय में विभिन्न होटल, मॉल, फास्ट फूड व अन्य संस्थानों के संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



नगर निगम यमुनानगर द्वारा निगम कार्यालय में होटल, रेस्तरां, मॉल, फास्ट फूड व अन्य संस्थानों के संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने की। उन्होंने संस्थानों के संचालकों को निगम की स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर अपना योगदान देने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को यमुनानगर आगमन को स्वच्छ महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। सामाजिक सहभागिता के लिए शहरवासी भी इस स्वच्छ महोत्सव में भाग लें और स्वच्छता को लेकर गतिविधियां करें। कुछ संस्थाएं इस महोत्सव में निगम का सहयोग कर रही हैं। उन्होंने शहर के सभी होटल, रेस्तरां, मॉल, फास्ट फूड व अन्य संस्थानों संचालकों को भी स्वच्छता को लेकर कोई न कोई गतिविधि जरूर किए जाने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने संस्थानों के संचालकों को अपने अपने संस्थान में प्रधानमंत्री सेल्फी प्वाइंट लगाए जाने के लिए आहवान किया।

इस दौरान सभी संचालकों ने अपने अपने संस्थान में पीएम सेल्फी प्वाइंट बनाने का आश्वासन दिया। कुछ संस्थानों के संचालकों ने पौधारोपण करने, पार्कों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर सफाई करने, होटल के कचरे से खाद तैयार करने, स्वच्छता रैली निकालने, संस्थानों को पीएम आगमन से पूर्व दीपावली की तरह सजाने व सिंगल यूज प्लास्टिक बंद कर कपड़े या कागज के डिस्पोजल थैलों का इस्तेमाल करने संबंधी गतिविधियां करने का आश्वासन दिया।

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। यह शहर हम सबका है। इसकी स्वच्छता भी हम सबकी जिम्मेदारी है। मौके पर उप निगम आयुक्त अरुण भार्गव, सीएसआई अविनाश सिंगला, सहायक नगर योजनाकार आशीष, पूजा अग्रवाल, राजीव वासुदेवा, हरीश कुमार, अरुण शर्मा, कमल, गौरव, संजीव व गुलशन आदि मौजूद रहें।

## नाबालिग व युवती को शादी का झांसा देकर किया अगवा, केस दर्ज

- काम करने घर से गई थी किशोरी व 19 वर्षीय युवती

**यमुनानगर।** ट्विन सिटी में अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने किशोरी व युवती को शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया। पुलिस ने लड़कियों के परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहरवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय लड़की आठ अप्रैल को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की नौ अप्रैल को वह किसी काम से बाहर गई थी। मगर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने पर उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को हर्ष नामग युवक शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा में रहें सक्रिय: कंवरपाल

- पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित।

**यमुनानगर।** भाजपा छछरौली व प्रताप नगर मंडल के सक्रिय कार्यकर्ताओं के कस्बा में सम्मेलन हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने पार्टी की मजबूती के लिए व आगामी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। भारत माता , पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। यह सम्मेलन उसी शक्ति को सशक्त करने का माध्यम है। 14 अप्रैल को यमुनानगर के कैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित ऐतिहासिक रैली में भाग लेने का आह्वान किया। भाजपा की ताकत उसका कैडर है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते दस वर्षों में जो प्रगति की है वह अभूतपूर्व है। मोदी सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, युवा,महिलाओं, व्यापारी और हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। जनका लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

# जिले की अनाज मंडियों में निर्धारित मानदंडो पर खरीदी जा रही गेहूं: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की सभी अनाज मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज गेहूं की खरीद निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से 2425 रुपये प्रति क्विंटल से खरीदी जा रही है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

डीसी ने बताया कि चालू रबी सीजन के दौरान अभी तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में कुल 8412 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 3473 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3739 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 1200 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि सभी



मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से की जा रही है।

### मंडियों में किसानों की सुविधाओं का रखें ध्यान

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था व बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिले।

### कहां कितनी हुई खरीद

डीसी ने बताया कि जिला में तेरह अनाज मंडियां हैं। जिनमें से अब तक बिलासपुर अनाज मंडी में 1293, छाछरौली मंडी में 461, गुमथला राव मंडी में 190, जगाधरी मंडी में 1267, खारवन मंडी में 93, सरस्वती नगर में 2695, रादौर में 1030 मीट्रिक टन गेहूं, रणजीतपुर मंडी में 390 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर मंडी में 293 मीट्रिक टन गेहूं, साढ़ौरा मंडी में 700 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। सभी जगह सरकारी रेट पर गेहूं की खरीद की जा रही है।

## महंत रामसुंदर दास के मंदिर में आगमन पर निकाली प्रभातफेरी

# भर लो झोलियां बाबा...भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी द्वारा शहर में निकाली गई प्रभातफेरी में भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु।

सतगुरु बाबा लाल दयाल महाराज की श्रीध्यानपुर गद्दी के महंत श्रीश्री 1008 महंत श्री रामसुंदर दास महाराज 20 व 21 अप्रैल को श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में आयोजित समागम में भाग लेंगे। समागम को लेकर श्री लालद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नगर में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को शहर के आजाद नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

वीरवार सुबह प्रभात फेरी आजाद नगर से आरम्भ हुई। पंडित रजनीश शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर इसे आरंभ करवाया। प्रभात फेरी में आगे बाबा लालजी का ध्वज लेकर श्रद्धालु चल रहे थे। उनके पीछे महिला संकीर्तन मंडली की सदस्य भजन गाते हुए चल रही थी। साथ ही पालकी में बाबा लालजी का मनमोहक स्वरूप प्रभात फेरी की शोभा को चार चांद लगा रहा था।

प्रभात फेरी जिस भी इलाके में गई श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा लाल जी के स्वरूप को माता टेकर आशीर्वाद लिया। भर लो झोलियां बाबा लाल जी आए हैं,आज भर लो झोलियां तिलका वाले आए हैं... भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

### हर दिन अलग कॉलोनी में निकाल रहे प्रभातफेरी

प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि रोजाना नगर में अलग अलग कॉलोनी में बाबा लालजी की प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को प्रभातफेरी चिट्टा मंदिर क्षेत्र में, 13 अप्रैल को महावीर कालोनी,14 अप्रैल को मॉडल कॉलोनी व करतारपुरा, 15 व 16 अप्रैल को रामपुरा कॉलोनीऔर ग्रीनपार्क, 17 अप्रैल को कालिंदी कॉलोनी व 18 अप्रैल को श्री लालद्वारा कालोनी में प्रभात फेरी निकाली जएगी।

उन्होंने बताया कि श्रीलाल द्वारा मंदिर में आयोजित दो दिवसीय समागम में हजारों श्रद्धालु शमिल होंगे। समागम की तैयारियां मंदिर में आरंभ कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 20 व 21 अप्रैल को जो भी श्रद्धालु नाम दीक्षा लेना चाहता है वह ले सकता है। नामदीक्षा लेने से पहले श्रद्धालु को सुच्चे मुंह आचार्य गोपालराज से पूजा अर्चना भी करवानी होगी।

## खबर संक्षेप



### जिला कोर्ट कॉम्पलैक्स में लगाया हैल्प डैस्क

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश सुश्री आराधना साहनी के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा साईबर फ्रॉड पर जागरूकता के लिए जिला कोर्ट कॉम्पलैक्स में हैल्प डैस्क लगाया गया। इसके साथ ही स्कूलों में भी साईबर क्राईम से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हैल्प डेस्क पर भी लोगों को साईबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इतना ही नहीं, डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता व अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बुकलेटस और पैंपलेटस भी वितरित किए गए।

### समाधान प्रकोष्ठ समीक्षा बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्य सचिव के आदेशानुसार शिकायतों के समय पर निपटान के लिए समाधान प्रकोष्ठ समीक्षा की एक बैठक 11 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता नगराधीश करेंगे। यह जानकारी नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने दी है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्याओं की रिपोर्ट लेकर समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### श्रीश्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित



**थानेसर।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार रात्रि बीड़ पिपली में 546वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक राजेश सैनी परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस संकीर्तन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्याम प्रेमियों ने हाजिरी लगाई। कार्यक्रम में गायक गौरव शान और नायब सिंह ने मधुर भजनों से समां बांधा।

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के नॉन टीचिंग क्लब में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि विदर्भ राज्य के राजा भीष्मक के एक पुत्र और एक पुत्री थी। पुत्र का नाम रुक्मी और पुत्री का नाम रुक्मिणी था। राजा भीष्मक अपनी पुत्री से बहुत प्रेम करते थे और उनके विवाह के लिए योग्य वर की तलाश में थे।

---

## उठान कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई : नेहा सिंह

# खाद्य आपूर्ति विभाग ने 2,148 व हैफेड ने की 795 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

- 23 खरीद केन्द्र और मंडिया स्थापित की
- खरीदारी के लिए व्यवस्था और प्रबंध सुनिश्चित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन दोनों एजेंसियों ने 2943 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 23 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड,एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कापोर्रेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा बाबैन मंडी से 300 एमटी, इस्माइलाबाद से 76 एमटी, कुरुक्षेत्र से 152 एमटी, लाडवा से 920 एमटी, पिपली से 668 एमटी, शाहबाद से 5 एमटी व ठोल से 27 एमटी सहित कुल 2148 एमटी गेहूं खरीदा है। इसी तरह हैफेड ने इस्माइलाबाद से 205 एमटी, कुरुक्षेत्र से 130 एमटी, लाडवा से 217 एमटी, पिपली से 243 एमटी सहित कुल 795 एमटी धान खरीदा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 9 अप्रैल तक खाद्य आपूर्ति और हैफेड द्वारा कुल 319 एमटी गेहूं की खरीद की थी। इस प्रकार इस सीजन में एजेंसियों द्वारा तेजी के साथ खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत दी गई है कि उठान कार्य पर विशेष फोकस रखा जाए ताकि व्यापारियों और किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए व्यवस्था और प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ऐसे में किसान सहभागी बनते हुए खरीद प्रक्रिया में अपना योगदान दें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह से सुखाकर एवं साफ करके मंडी में लाएं।



**कुरुक्षेत्र।** थानेसर अनाज मंडी में पड़ी गेहूं से भरी बोरियां।

### किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस सीजन में कुरुक्षेत्र के सभी 23 खरीद केन्द्र और मंडियों में सभी प्रकार के प्रबंध किए जाने चाहिए। अगर किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य जिलाधिकारियों द्वारा किए गए रात्रि विश्राम भ्रमण, फसलों की खरीद की प्रगति और समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करना था। उपायुक्त नेहा सिंह ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय पर फसल की तौल, भुगतान और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है कि मंडियों में व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से कार्य हो, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और हर संभव प्रयास कर रही है कि उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिले। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मंडियों में होने वाली हर प्रक्रिया की निगरानी की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। फसल तौल और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए ताकि किसानों को इंतजार न करना पड़े।

---



कुरुक्षेत्र। आसमान में छाए बादल।

### आसमान में छाए बादल, किसानों की बढ़ी चिंता

**कुरुक्षेत्र ।** गेहूं की फसल खेत में तैयार खड़ी है और वीरवार दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छा गए हैं। आसमान में बादलों को देखकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम का यह बदलाव फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कई दिनों से फसल तैयार होने पर किसानों ने गेहूं की कटाई का काम शुरू कर दिया है। जिला भर में कई जगह खेतों में गेहूं की फसल कटी पड़ी है और कुछ किसानों की गेहूं कटाई के बाद अनाज मंडी में पहुंच गई है। हालांकि गेहूं में नमी के चलते अभी खरीद में तेजी नहीं आ पाई है। लेकिन किसानों को डर है कि यह बेमौसमी बरसात खेतों के साथ-साथ मंडी में भी गेहूं को नुकसान पहुंचा सकती है। जिला भर में गेहूं की बिजाई का रकबा 2 लाख 75 हजार एकड़ है। तीन चार फीसद किसानों ने कटाई का काम भी शुरू कर दिया है। ऐसे मौसम में आसमान में छाए बादल किसानों की धड़कन बढ़ा रहे हैं। अगर बारिश अधिक होती है हाथ से कटाई की गई गेहूं के बंडल भीगने से थ्रेशर से निकालने में भी दिक्कत आएगी। अनाज मंडी गेहूं भीगने पर इसमें नमी और बढ़ेगी। इससे खरीद में परेशानी खड़ी होगी।

### वृद्धा को मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी से मिला नया जीवन



**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल में एक असाधारण चिकित्सा सफलता दर्ज की गई। जहां 80 वर्षीय महिला मरीज को मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी के माध्यम से जीवनदान मिला। यह वृद्धा हाल ही में गिर गई थीं, जिसके बाद उन्हें असहनीय पीठ दर्द शुरू हो गया। परिवारजन उन्हें लेकर अदेश अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग पहुंचे, जहाँ डा. पुनीत व वरिष्ठ विशेषज्ञों की टीम ने पूरी गंभीरता से मरीज की जांच की। एमआरआई और अन्य परीक्षणों में यह स्पष्ट हुआ कि उनकी रीढ़ की हड्डी में फ्रेक्चर है, जो उनके दर्द और चलने-फिरने में असमर्थता का कारण था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यूरोसर्जरी विभाग ने मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी करने का निर्णय लिया। यह सर्जरी रीढ़ की हड्डी के इलाज में आधुनिक तकनीकों में से एक है, जिसमें ओपन सर्जरी की तुलना में बहुत कम चीरा लगाया जाता है, और मरीज को जल्दी राहत मिलती है। सर्जरी अद्भुत रूप से सफल रही। अदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच. एस. गिल ने इस सफलता पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार मरीज की मुस्कान है।

---

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

- फार्मासिस्टों ने रोगियों को नि:शुल्क औषधियां वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

10 अप्रैल को दुनिया भर में विश्व होम्योपैथिक दिवस डॉ. सैमुअल हैनिमैन की विरासत और होम्योपैथी के क्षेत्र में उनके योगदान की याद दिलाने ओर चिकित्सा के इस प्राचीन लेकिन प्रासंगिक रुप में बढ़ती वैश्विक रुचि की पुष्टि के रुप में पूरे विश्व में उत्साह के साथ मनाया जाता हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सुदेश मलिक के मार्गदर्शन में आयुष विभाग कुरूक्षेत्र द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग कुरुक्षेत्र से डॉ महिपाल सिंह, डॉ बिरवाल, डॉक्टर स्मृति एवं गुर्जर धर्मशाला से सूरत सिंह पूर्व उप प्रधान, अफसर सिंह पूर्व सह सचिव, रवि कुमार मैनेजर, सोनू कुमार सह मैनेजर तथा बनारसी दास सदस्य द्वारा होम्योपैथिक पद्धति के जनक डॉ सैमुअल हैनिमैन की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके विधिवत रूप से शिविर का शुभारम्भ किया गया। फार्मासिस्टों द्वारा रोगियों को निःशुल्क औषधियां वितरित की गई।



### साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र में 21 को करेगी प्रवेश : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यममंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र जिले में 21 अप्रैल को अंबाला से प्रवेश करेगी। यह साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र की मोहडी, खानपुर जाटान, चढूनी जाटान,खानपुर कोलिया और रात्रि कुरुक्षेत्र में ही साइक्लोथॉन यात्रा रुकेगी और 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन को कैथल जिले के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र के कमौदा, पिंडारसी के साथ-साथ मार्ग में आने वाले अन्य गावों में भी पहुंचेगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि इस साइक्लोथॉन का जगह-जगह स्वागत करने के लिए गांव के सरपंचों और गणमान्य नागरिकों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के अन्य नागरिक भी इस साइक्लोथॉन में भाग ले।

## पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ली कुरुक्षेत्र भाजपा कोर कमेटी की बैठक

- प्रधानमंत्री की यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने आज कुरुक्षेत्र में भाजपा कोर कमेटी की अहम बैठक ली। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुनानगर दौरे की तैयारियों को लेकर की गई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों ने प्रधानमंत्री की यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी को अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन करना चाहिए। बौठक में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी और कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी, सुभाष कलसाना, हरियाणा सरकार में चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, जय सिंह पाल, हरपाल सिंह चीका, राजकुमार सैनी, बीबी करतार कौर, रविन्द्र सांगवान, जिला महामंत्री जसविन्द्र सिंह सैनी, परमजीत कौर, अशोक गुर्जर मौजूद रहे।



---



**कुरुक्षेत्र।** नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों का स्वागत करते सेवा स्तम्ब के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार राहुल।

### सेवा स्तंभ की जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था सेवा स्तम्ब जिला कार्यकारिणी की बुधवार को सर्किट हाउस के समीप सुविधा गैस एजेंसी के कार्यालय में जिला प्रधान कृष्ण लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को मनाने के साथ साथ कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां करने बारे विचार किया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए जिला प्रधान कृष्ण लाल ने बताया कि कार्यकारिणी में नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बलजीत सिंह एडवोकेट को लाडवा ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गुरनाम सिंह को पिहोवा ब्लाक का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शाहाबाद ब्लाक से राजेश कुमार डल्लामाजरा को ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जसमेर सिंह छाछिया को थानेसर ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला प्रधान ने बताया कि रामतीर्थ रंगा को कुरुक्षेत्र जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उप प्रधान नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त सभी ब्लाक अध्यक्षों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्था के उप प्रधान बलविंद्र सिंह पाल, सूर्य चौधरी, नर सिंह, खजांची जगदीश, महासचिव सुखवंत सिंह, मुख्य सलाहकार दलबीर सिंह, महिपाल फुले, राजपाल व बलदेव रोहटी मौजूद रहे।

## शोरगिर बस्ती में पार्षद सुधीर चुघ के प्रयासों से सड़क का निर्माण कार्य शुरु

- वार्ड का चहुंमुखी विकास करना ही एकमात्र ध्येय : सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वार्ड नंबर 32 शोरगिर बस्ती में पार्षद सुधीर चुघ के प्रयासों से सड़क निर्माण कार्य शुरु हो गया है। वार्ड पार्षद सुधीर चुघ ने बताया कि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के आशीर्वाद से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। सुधीर चुघ ने कहा कि वार्ड का चहुंमुखी विकास करना ही उनका एकमात्र ध्येय है। वार्डवासियों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेवारी सौंपी है वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। वार्डवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आने दी जाएगी। वार्ड 32 उनका परिवार है यदि किसी भी वार्डवासी को कोई भी समस्या आती है तो वे उनसे संपर्क कर सकते है। सुधीर चुघ ने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा से 'सबका साथ, सबका विकास' को साकार करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है जिसका जरुरतममंदों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। वही पूर्व मंत्री सुभाष सुधा वार्डवासियों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। सुधीर चुघ ने बताया कि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने आश्वासन दिया कि वार्डवासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं दी जाएगी। वार्डवासियों की समस्याओं को तत्परता से हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए बनी है,ऐसे में अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।



**कुरुक्षेत्र।** सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते पार्षद सुधीर चुघ।

## हरियाणा के खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल

- जिला संयोजक अनिल वर्मा ने राज्य मंत्री गौरव गौतम से भेंट की, श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति 'यथार्थ गीता भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एक समय था जब माता- पिता अपने बच्चों को कहते थे कि खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब,पढ़ोगे - लिखोगे तो बनोगे नवाब लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा अपने खिलाड़ियों को दी जाने वाली सम्मान राशि और सुविधाओं ने आज इस कहावत के प्रति जन-साधारण के नजरिए को बदल दिया है। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम से भेंट के पश्चात व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप में हरियाणा के युवा व ऊजार्वान खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम से भेंट की और उनको श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति 'यथार्थ गीता भेंट की जिसे स्वीकार करते हुए खेल मंत्री ने बहुत आध्यात्मिक भाव और सम्मान व्यक्त किया जो उनकी विनम्रता और शालीनता का परिचायक है। अनिल वर्मा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार में प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं और पुरस्कार देश के अन्य राज्यों के लिए अपनी मिसाल आप हैं।



---

**कार्यक्रम** सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया आयोजन, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# श्रीदिगम्बर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव

भगवान महावीर से संबंधित जानकारी नाटक, नृत्य, प्रस्तुत कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से श्रीदिगम्बर जैन मंदिर कुरुक्षेत्र में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की पूजा के पश्चात महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अल्पना रानी गांधी ने की। मंदिर के हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें भगवान महावीर से संबंधित नाटक नृत्य प्रश्नोत्तरी द्वारा जानकारी दी गई। सर्व प्रथम श्रीदिगम्बर जैन सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉक्टर धर्मचंद्र जैन ने उपस्थित आये हुए सदस्यों का स्वागत किया एवं भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मानाने की सार्थकता को समझाते हुए भगवान महावीर का संक्षिप्त परिचय दिया। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। 30 वर्ष की उम्र में वर्द्धमान ने श्रामणी दीक्षा ली। अधिकांश समय वह ध्यान में ही मग्न रहते थे। धीरे-धीरे उन्होंने पूर्ण आत्मसाधना द्वारा मुक्ति प्राप्त कर ली थी। वर्द्धमान महावीर ने 12 साल तक मौन तपस्या की और तरह-तरह के कष्ट झेले। अन्त में उन्हें 'केवलज्ञान' प्राप्त हुआ।



### ये रहे मौजूद

*कार्यकर्म में मुख्यता डॉक्टर धर्मचंद, हुकुमचंद जैन, सुशील कुमार, इंजि. ऐपी जैन, विजेंद्र जैन, राजीव जैन, विवेक जैन, राजेश जैन, सचिन जैन, डा. आरके जैन, प्रकाश जैन, सतीश जैन, अशोक जैन, डॉ किरण जैन, शशि जैन, सरोज जैन, मनीषा जैन, नीति जैन गर्ग, विनीता, उषा जैन, स्नेह गुप्ता, पूनम जैन, मीतू जैन, सुषमा जैन, सपना जैन, रेखा जैन, सरिता जैन, जयश्री जैन, मीनाक्षी जैन उपस्थित रहे।*



**कुरुक्षेत्र।** डायरेक्टर ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने नये छात्रों को दी बधाई, डिजिटल कार्ड सिस्टम हुआ लागू

### यज्ञ के साथ गुरुकुल में नया सत्र शुरू

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का आज हवन-यज्ञ के साथ विधिवत शुभारम्भ हुआ। प्रातःकालीन सभा में निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने नव-प्रविष्ट छात्रों के साथ सभी अध्यापकों, संरक्षकों को नये सत्र पर बधाई दीं। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का युग है इसलिए अपने एक-एक क्षण का उपयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें। आचार्यश्री देवव्रत के पुरुषार्थ को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि आचार्यश्री के कठिन परिश्रम और दूरगामी सोच से आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र हरियाणा का नंबर वन आवासीय विद्यालय के रूप में देशभर में विख्यात है। यहां पर प्रवेश हेतु हजारों विद्यार्थी आते हैं, जिन छात्रों का प्रवेश गुरुकुल में हुआ है, वे बहुत सौभाग्यशाली है क्योंकि गुरुकुल में एक ऐसा माहौल छात्रों को उपलब्ध कराया जाता है, अन्होंने सभी छात्रों से गुरुकुल परिसर में सभी नियमों का सख्ती से पालन करने का भी आग्रह किया, साथ ही कैशलेस पॉलिसी के तहत डिजिटल कार्ड सिस्टम लागू करने की घोषणा की। डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में विशेष है।

### सांसद बराला ने संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती के लिए दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** राजयसभा सांसद सुभाष बराला ने उचाना में मनाई जाने वाली संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। आज जाट धर्मशाला में उनके साथ कुरुक्षेत्र भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और शुगरफेड चेयरमैन धर्मबीर डागर भी मौजूद रहे। सांसद सुभाष बराला ने धन्ना भगत के योगदान को याद करते हुए, उनके आदर्शों और शिक्षाओं को समाज में प्रसारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**सूचना**

हम, स्वीटी रानी पत्नी मिहा सिंह तथा मिहा सिंह पुत्र सौन्धी राम निवासीयान वार्ड नंबर 10 कलसाना, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र बयान करते हैं कि हमने अपने छोटे पुत्र शुभम को अपनी सभी चल अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। क्योंकि यह हमारे कहने सुनने से बाहर है। इससे लेनदेन कार्य करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। हम या हमारे परिवार का दूसरा कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

